# शहीदी दिवस  के अवसर पर श्रद्धांजलि स्वरुप कार्यक्रम का आयोजन

हिंदू कन्या महाविद्यालय, जींद में इतिहास विभाग द्वारा हरियाणा वीर एवं शहीदी दिवस (23 सितंबर 2023) के अवसर पर 22 सितंबर 2023 को श्रद्धांजलि स्वरुप कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए प्राचार्या महोदया डॉक्टर पूनम मोर द्वारा शहीदों की याद में महाविद्यालय प्रांगण में पौधारोपण किया गया। कार्यक्रम की संयोजिका डॉक्टर रश्मि मलिक ने अपने व्याख्यान में बताया कि हमें उन महान बलिदानियों को याद रखना चाहिए जिनके कारण आज हम स्वतंत्र भारत में सांस ले रहे है।आज देश की सेनाओं में हर दसवां सैनिक हरियाणा से है। आजादी का आंदोलन हो या देश की सीमाओं की रक्षा हरियाणा के वीरों ने सदैव अपने अमूल्य बलिदान से अपने शौर्य का परिचय दिया है। इतिहास विभाग की प्राध्यापिकाओं श्रीमती सोनी गोयल, श्रीमती रेखा सैनी, श्रीमती निशा एवं कुमारी गीता के द्वारा राजा नाहर सिंह, राव तुलाराम आदि अमर शहीदों के त्याग और बलिदान पर अपने विचार प्रस्तुत किए गए। इन अमर शहीदों के बलिदान की एक झांकी वीडियो के रूप में सभी उपस्थित छात्राओं के सामने प्रस्तुत की गई, ताकि हमारी युवा पीढ़ी इन महान आत्माओं से प्रेरणा ले एवं हमारे इतिहास के इन महान बलिदानियों की जीवन गाथा के बारे में जाने जिनके विषय में बहुत कम लिखा गया है।
















जींद केसरी

रविवार SUNDAY, 24 सितंबर 2023

## हरियाणा वीर एवं शहीदी दिवस के अवसर पर श्रद्धांजलि स्वरुप कार्यक्रम का आयोजन

जींद, 23 सितम्बर (मित्तल): हिंदू कन्या महाविद्यालय, जींद में इतिहास विभाग द्वारा हरियाणा वीर एवं शहीदी दिवस के अवसर पर श्रद्धांजलि स्वरुप कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए प्राचार्या डॉ पूनम मोर द्वारा शहीदों की याद में महाविद्यालय प्रांगण में पौधारोपण किया गया।

कार्यक्रम की संयोजिका डॉ रश्मि मलिक ने अपने व्याख्यान में बताया कि हमें उन महान बलिदानियों को याद रखना चाहिए, जिनके कारण आज हम स्वतंत्र भारत में सांस ले रहे हैं। आज देश की सेनाओं में हर दसवां सैनिक हरियाणा से है।

आजादी का आंदोलन हो या देश की सीमाओं की रक्षा की बात होए हरियाणा के वीरों ने सदैव अपने अमूल्य बलिदान से अपने शौर्य का परिचय दिया है। इतिहास विभाग की प्राध्यापिकाओं सोनी गोयल, रेखा सैनी, निशा एवं कुमारी गीता के द्वारा राजा नाहर सिंह, राव तुलाराम आदि अमर शहीदों के त्याग और बलिदान पर अपने विचार प्रस्तुत किए गए।

इन अमर शहीदों के बलिदान की एक झांकी वीडियो के रूप में सभी उपस्थित छात्राओं के सामने प्रस्तुत की गई, ताकि हमारी युवा पीढ़ी इन महान आत्माओं से प्रेरणा ले एवं हमारे इतिहास के इन महान बलिदानियों की जीवन गाथा के बारे में जाने, जिनके विषय में बहुत कम लिखा गया है।

*शहीदों के बारे में जानकारी देती हुई संयोजिका डॉ. रश्मि मलिक। (मित्तल)*

*कार्यक्रम में पौधारोपण अभियान चलाते हुए स्टाफ एवं छात्राएं। (मित्तल)*